संचालनालय चिकित्सा शिक्षा

पुराना नर्सेस हॉस्टल, डी०के०एस० भवन परिसर रायपुर, छत्तीसगढ़

क्रमांक / 3251 / छात्र / संचिशि / 22 रायपुर, दिनांक : 16 MAR 2022

सूचना

(फिजियोथेरेपी (BPT) प्रथम ऑन–लाईन काउंसिलिंग आबंटन प्रवेश प्रक्रिया बाबत्)

आज दिनांक 16 मार्च 2022 को छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय की शासकीय सीटों एवं निजी फिजियोथेरेपी महाविद्यालय की शासकीय नियतांश एवं प्रबंधन नियतांश की स्नातक सीटों का प्रथम ऑन–लाईन काउंसिलिंग आबंटन सूची जारी की गई, सभी आबंटित अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ चिकित्सा, दंत चिकित्सा एवं भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी) स्नातक प्रवेश नियम, 2018 का अध्ययन कर ही स्क्रूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करें। *(विशेष अध्ययन नियम 7 का उप–नियम (x) का करें)* आबंटन उपरान्त नियमानुसार उचित प्रक्रिया के अभाव में अभ्यर्थी अपात्र हो सकते है।

जिन अभ्यर्थियों को आबंटन प्राप्त हुआ है, वे उपरोक्त उल्लेखित नियम का पालन करते हुए द्वितीय काउंसिलिंग में सम्मिलित होना चाहते है, उन्हे स्क्रूटनी करवाना तथा स्क्रूटनी में पात्र होना आवश्यक होगा / संस्था में प्रवेश लेने के उपरान्त अपग्रेडेशन (Upgradation) चाहते है, वे ऑनलाईन प्रवेश उपरान्त अपग्रेडेशन हेतु स्वयं अभ्यर्थी ऑनलाईन अपग्रेडेशन (Upgradation) चयन कर सकेंगे।

आबंटित अभ्यर्थी प्रवेश नियम 2018 का नियम 7 काउंसिलिंग तथा इससे संबंधित अन्य नियमों का अध्ययन अवश्य कर ले, ताकि प्रवेश सबंधी जटिलताओं एवं अपात्र होने से बच सकें।

आबंटित अभ्यर्थियों के लिए निम्नानुसार अधोलिखित तिथियों में स्क्रूटनी एवं प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करें तथा सदैव प्रवेश की अंतिम तिथि के पूर्व ही उपस्थित हो कर, कार्यवाही पूर्ण करना एक सुरक्षित प्रक्रिया है।

प्रवेश हेतु दिनांक जानकारी :–

क्र.	विवरण	दिनांक
1	स्क्रूटनी (आबंटन पत्र में उल्लेखित स्क्रूटनी स्थल पर)	दिनांक 16 मार्च 2022 से 22 मार्च 2022 तक (समय प्रातः 10:30 बजे (10:30Hrs) से संध्या 4:30 बजे (16:30 Hrs) तक)**
2	प्रवेश (आबंटन पत्र में आबंटित संस्था के स्थल पर)	दिनांक 16 मार्च 2022 से 23 मार्च 2022 तक (समय प्रातः 10:30 बजे (10:30Hrs) से संध्या 4:30 बजे (16:30 Hrs) तक)**

** **18 मार्च एवं 19 मार्च 2022 को होली पर्व में आवागमन साधन अभाव के कारण अवकाश रहेगा, शेष सभी दिवस कार्य दिवस रहेंगे।**

नोट :–

1. स्क्रूटनी की प्रक्रिया आबंटित संस्था में ही की जायेगी, जिस हेतु संबंधित संस्था स्क्रूटनी की व्यवस्था, दस्तावेजों की जांच में प्रवेश नियम 2018 का अक्षरशः पालन करें।
2. स्क्रूटनी में अथवा प्रवेश में नियम विरूद्ध अर्थात स्क्रूटनी में अपात्र अथवा प्रवेश में अपात्र अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं स्क्रूटनी हेतु संस्था स्वयं जिम्मेदार होगी तथा न्यायालयीन प्रकरणों में भी उन्ही की जिम्मेदारी होगी एवं स्पष्टीकरण संस्था को स्वयं देना होगा।

16/03/22

क्रमशः...2....

3. प्रवेश उपरान्त **Admission Receipt** जारी होने पर ही प्रवेश मान्य होगा, अतः अभ्यर्थी भी रूचि लेकर **Admission Receipt** जारी कराये तथा उसकी एक कॉपी अवश्य ले।

स्क्रूटनी की अंतिम तिथि 22 मार्च 2022 को रात्रि 11:59 बजे (23:59 Hrs) तक **Scrutiny Receipt** जारी कर सकेंगे।

संस्था प्रवेश की अंतिम तिथि 23 मार्च 2022 को रात्रि 11:59 बजे (23:59 Hrs) तक **Admission Receipt** जारी कर सकेंगे।

4. आगामी काउंसिलिंग, आबंटन इत्यादि से संबंधित जानकारी हेतु वेबसाईट **www.cgdme.co.in** का नियमित प्रतिदिन अवलोकन करें।

5. सभी शासकीय / निजी फिजियोथेरेपी महाविद्यालय की सभी प्रकार की सीटों का आबंटन संचालक चिकित्सा शिक्षा द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा। अतः किसी व्यक्ति/संस्था के धोखे में नहीं फंसे।

16/03/22

अध्यक्ष,
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा
छत्तीसगढ़